विश्व पर्यटन दिवस | मानकुंवर बाई कॉलेज में हुआ आयोजन

पर्यटन में डिजिटल तकनीक, एआई पर संगोष्ठी में दी जानकारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



डिजिटल तकनीक पर छात्राओं ने जाना नया दौर

जबलपुर. विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय में पर्यटन क्षेत्र में डिजिटल तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की बढ़ती भूमिका पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। महाविद्यालय के भूगोल विभाग, मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड, जेएटीसीसी बायपास संस्थान और रानी दुर्गावती संघ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आयोजित इस संगोष्ठी का विषय 'डिजिटल एजेंडा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर्यटन का पुनरुद्धार' था। भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रम्हानंद त्रिपाठी ने कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी का उद्देश्य पर्यटन में हो रहे डिजिटल बदलावों को समझना और यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने में एआई की भूमिका पर मंथन करना था। मुख्य वक्ता डॉ. प्रकाश राय ने पर्यटन विकास में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका पर छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. मनोज प्रियदर्शन ने पर्यटन के महत्त्व पर विचार साझा किए, जबकि प्राचार्य डॉ. सुनीता मिश्रा ने पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर छात्राओं के लिए क्विज और पोस्टर प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। क्विज में विकांक्षा चौबे और पूर्णिमा गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में अंकिता पंडित प्रथम, परी सोनी द्वितीय और नैन्सी वर्मन तृतीय स्थान पर आई।

Scanned by CamScanner